हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 3 फरवरी 2026

04 तीन टंकियों का मंथर गति से चल रहा है निर्माण...



07 सड़क मार्ग पर रोजाना लगने वाले जाम में फंसते हैं...





## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई की पदयात्रा में उठाए गए स्थानीय मुद्दे



**माखननगर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे माखन नगर, मध्य प्रदेश में पदयात्रा पर हैं। नर्मदा जयंती से अब तक 160 किलोमीटर की यात्रा पूरी हो चुकी है। आशुतोष चौकसे ने छात्रों, किसानों और मजदूरों की समस्याओं को उठाया और प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री झूठी घोषणाएँ कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की अधूरी घोषणाओं और हाल ही में स्टेडियम की नई घोषणा पर भी सवाल उठाए। यात्रा के दौरान आशुतोष ने राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने पदयात्रियों का स्वागत किया।

### जनगणना कार्य के सफल संचालन हेतु समिति का गठन

**नर्मदापुरम।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल (मध्यप्रदेश) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर स सोनिया मीना द्वारा जिला स्तर पर जनगणना कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएँ की गई हैं। भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा जारी किए गए।

## पचमढ़ी के होटल सेरेनिटी में गैस सिलेंडर विस्फोट, 4 पर्यटक, 1 कर्मी घायल

# नाश्ता बनाते समय किचन में हुआ जोरदार धमाका, इलाके में मची अफरा-तफरी

मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में सोमवार सुबह होटल सेरेनिटी के किचन में नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर फट गया। हादसे में होटल का कुक और महाराष्ट्र से आए एक ही परिवार के चार सदस्य झुलस गए।घटना सुबह करीब 8:20 बजे हुई। धमाके के बाद होटल में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।





**मुख्य बिंदु**

- होटल सेरेनिटी के किचन में सुबह नाश्ते के वक्त हुआ हादसा।
- घायलों में महाराष्ट्र का एक परिवार (चार सदस्य) और होटल का कुक शामिल।
- पुलिस और फायर ब्रिगेड ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला।

**घायलों की स्थिति**

- हादसे में घायल होने वालों में होटल का कुक और महाराष्ट्र से घूमने आए पति-पत्नी व उनके दो बच्चे शामिल हैं।
- होटल कुक: धमाके की सीधी चपेट में आने के कारण कुक के सीने और शरीर के ऊपरी हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं।
- पर्यटक: महाराष्ट्र का परिवार मामूली रूप से झुलसा है, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी/नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ के प्रसिद्ध होटल सेरेनिटी के किचन में सुबह नाश्ता बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर फट गया। इस धमाके की चपेट में आने से होटल के कुक और महाराष्ट्र से आए एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित कुल 5 लोग घायल हो गए हैं।

### सुबह 8:30 बजे हुआ धमाका

घटना सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे की है। होटल के किचन में कर्मचारी पर्यटकों के लिए नाश्ता तैयार कर रहे थे, तभी अचानक लीकेज के कारण सिलेंडर ने आग पकड़ ली और जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

### पुलिस-प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

होटल के पास ही पुलिस थाना होने के कारण घटना के 5 मिनट के भीतर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### पिपरिया अस्पताल रेफर

पचमढ़ी के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, बेहतर इलाज के लिए सभी पांचों घायलों को पिपरिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है कि सिलेंडर में ब्लास्ट तकनीकी खराबी के कारण हुआ या किसी मानवीय लापरवाही की वजह से।



बाकी सब कुशल मंगल है...

भूपेंद्र विश्वकर्मा

## मुगालते में सिसकती मां नर्मदा..

मध्य प्रदेश की जीवन रेखा और करोड़ों भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र मां नर्मदा आज अपने ही तटों पर उपेक्षा का शिकार है। जिस पावन जल को छूने मात्र से पुण्य की प्राप्ति मानी जाती है, उसे प्रदूषित करने में न तो श्रद्धालु पीछे रह रहे हैं और न ही प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पूरी बर्बादी को अपनी फाइलों में 'सब कुछ कुशल मंगल है' के टैग तले दबाए बैठे हैं। अमरकंटक से निकलकर खंभात की खाड़ी तक का सफर तय करने वाली रेवा, नर्मदापुरम आते-आते नालों के जहर से नीली पड़ने लगी है। शहर के करीब एक दर्जन छोटे-बड़े नाले सीधे नदी के जल में मिल रहे हैं। प्रशासन को इन नालों के बारे में सब पता है, लेकिन समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। इसके पीछे की कड़वी सच्चाई यह है कि यहां तैनात अधिकांश अधिकारी बाहरी क्षेत्रों से आते हैं। उनके लिए यह केवल एक पोस्टिंग है, मां नर्मदा के प्रति कोई व्यक्तिगत या आत्मिक जुड़ाव नहीं। जब रक्षक ही उदासीन हो जाए, तो भक्षक बने नालों को रोकना नामुमकिन सा हो गया है। नर्मदापुरम के नागरिकों को समय-समय पर 'नर्मदालोक' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स के सपने दिखाए जाते हैं, लेकिन धरातल पर पुरानी सुविधाओं का भी संरक्षण नहीं हो पा रहा है। प्रशासनिक गलियारों में यह मान लेना कि 'यहां सब ठीक है', सबसे बड़ा मुगालता है। जब प्रशासन वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों की ही साज-संभाल नहीं कर पा रहा, तो नए निर्माण और बड़े सौंदर्यीकरण के दावे केवल जनता को ठगने वाले लगते हैं। अधिकारियों ने जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए 'सब कुछ कुशल मंगल है' का जो पर्दा डाल रखा है, उसके पीछे गंदगी, जर्जर घाट और प्रदूषित जल की भयानक तस्वीर छिपी है।

**निष्कर्ष:** मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं, एक पूरी संस्कृति और सभ्यता है। यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारी अपनी नींद से नहीं जागे तो कैसे सबकुछ कुशल मंगल रहेगा।

## एसटीआर में किया गया विश्व आर्द्र भूमि दिवस कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कामती परिक्षेत्र में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम किया गया। आयोजन में परिक्षेत्र अंतर्गत कार्यरत गाइड्स, वाहन चालक एवं स्टाफ को पावर पॉइंट के माध्यम से आर्द्र भूमि के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अलावा सभी उपस्थितजनों को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत रामसर साइट तवा जलाशय में पाए जाने वाले जलीय जीव जंतु एवं पौधों की जैव विविधता के संबंध में जानकारी दी गई। मढ़ई गेट के आसपास साफ सफाई का आयोजन भी किया गया जिसमें गाइड्सस वाहन चालक एवं स्टाफ सहित पर्यटक भी सम्मिलित हुए। पर्यटकों को इस दौरान समझाया गया कि संबंधित क्षेत्र में प्लास्टिक, पॉलिथीन एवं अन्य कचरा ना फेंका जाए।

### बच्चे बने सतपुड़ा साथी

विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कामती रंगपुर में 150 विद्यार्थियों के बीच आर्द्र भूमि के महत्व, संरक्षण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान पर पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को सतपुड़ा साथी थीम के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों में जोड़कर शपथ दिलाई गई। बच्चों को जन जागरूकता के लिए सतपुड़ा साथी बनाया गया है। इस दौरान परिक्षेत्र अधिकारी बागड़ा बफर विलास डोंगरे, परिक्षेत्र अधिकारी कामती राहुल उपाध्याय व स्टाफ कर्मी उपस्थित थे। वहीं सामुदायिक भवन छेड़का में बागड़ा बफर रेंज ऑफिसर विलास डोंगरे तथा स्टाफ द्वारा ईको विकास समिति की बैठक भी उक्त विषय के संबंध में की गई।

## कला सदैव आकर्षण का केंद्र रही है: डॉ आशुतोष शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कला आकर्षण का केंद्र सदैव रही है। फोटो क्ला का इस ऐसा रूप हा, जिसमें सम्मी की महत्ता सबसे अधिक होती है। एक क्षण में ही सब कुछ करना होता है। यह बात सोमवार को सेठानी घाट स्थित तिलक भवन में चित्रांगद कुमार की फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए समेरिटन्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि फोटो में टाइमिंग सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। टाइमिंग का खेल है। फोटोग्राफी अद्भुत कला है। इसके पीछे समय का मैनेजमेंट और विजन जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कला की सत्ता कभी खत्म नहीं होती। चित्रांगद कुमार की फोटो बहुत कुछ कहते हैं। एक एक फोटो बहुत ही विशेष है। कार्यक्रम में समेरिटंस स्कूल की प्राचार्य प्रेरणा रावत और सीवी रमन कालेज की डायरेक्टर विवेक भदौरिया भी उपस्थित थे। अतिथियों ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उसके बाद प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उक्त प्रदर्शनी 4 फरवरी तक चलेगी।

### पचमढ़ी में नगर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, मेले और अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा



**पचमढ़ी।** नगर कांग्रेस कमेटी ने छावनी परिषद अधिकारी राहुल गजभिए को दो ज्ञापन सौंपे। पहले में नागपंचमी मेले में हुए भ्रष्टाचार को रोकने और आगामी 5 फरवरी से शिवरात्रि मेले में समस्याएँ न होने देने की मांग की गई। दूसरे में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा द्वारा पचमढ़ी छावनी अस्पताल को स्वीकृत डायलिसिस मशीन शीघ्र लगाने के संबंध में चर्चा हुई। अधिकारी ने दोनों मामलों को गंभीरता से सुना और हल करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष अनीश खान, उपाध्यक्ष गोपालदास कवरा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा सुरक्षा सशक्त: मोबाइल एप के माध्यम से प्रश्न पत्र ट्रैकिंग पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



हाई, हायर सेकंडरी परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर ने व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सोमवार को एनएमवी कॉलेज के सभागार में केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें परीक्षा को सही ढंग से कराने और गोपनीयता भंग न हो इसको लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा , जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति सहित वरिष्ठ अधिकारी सहित केंद्र अध्यक्ष ,सहायक केंद्र अध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधि शामिल थे। प्रशिक्षण में संयुक्त संचालक ने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता भंग नहीं हो इसका ध्यान रखना है। सफलतापूर्वक बोर्ड के नियम अनुसार परीक्षा संचालित की जानी चाहिए।

इसके लिए केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधियों को उन्होंने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल की एंट्री नहीं हो, पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था हो, बच्चों की प्राथमिक उपचार की व्यवस्था हो, लाइट, शौचालय सुरक्षा सहित सभी सुविधाएं होना चाहिए। निश्चित समय पर परीक्षा सामग्री थाना से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना अनिवार्य है । वहीं उन्होंने कहा कि कलेक्टर प्रतिनिधि को सेल्फी लेना अनिवार्य है। इसके साथ ही निर्धारित समय पर बॉक्स खोलना उसकी चेकिंग करना और फिर प्रश्न पत्र बांटना सभी का ध्यान रखना चाहिए। प्रशिक्षण में बताया कि यदि कटी फटी कॉपी है तो उन्हें वापस किया जाए। वहीं परीक्षाएं टेबल कुर्सी पर होगी टाइट पट्टी पर नहीं। विद्यार्थी को एक ही दरवाजे से बाहर निकले, सभी कॉपियां चेक कर रखने के बाद बाहर निकाला जाए। सभी पेपर में विद्यार्थी का रोल नंबर लिखा जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही सुबह 6 बजे थाने के बोर्ड के साथ सेल्फी लेकर बोर्ड को भिजवाएं । इसके साथ ही चेकिंग सहित अन्य बातों से भी केंद्र अध्यक्ष सहायक केंद्र अध्यक्ष और पटवारी प्रतिनिधि को अवगत कराया। प्रश्न पत्र के बक्से की होगी वीडियो ग्राफी, सभी टाइम का रखें ध्यान रखें। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति ने बताया कि सभी को समय का ध्यान रखना है । आधे घंटे पहले पहुंचना है। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र के बड़े बक्से की छह तरफ से वीडियोग्राफी की जाएगी। प्रजापति ने कहा की परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाएं चाक चौबंद हो और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। यदि कोई विद्यार्थी एब्सेंट है तो उसका कॉपी और पेपर को लिफाफे में वापस रखना है । वहीं सभी पेपर में रोल नंबर अनिवार्य रूप से लिखा जाना चाहिए।

गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण जिला स्तर पर जिला समन्वयक संस्था, शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम में 6 एवं 7 फरवरी के मध्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए जिला कलेक्टर के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में सरिता मालवीय, तहसीलदार को नियुक्त किया गया है।

### मौके पर ही बनेंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआईडी

**नर्मदापुरम।** दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल की जा रही है। जिले में दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान (स्क्रीनिंग) कर उन्हें त्वरित रूप से दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 से 27 फरवरी तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन विशेष शिविरों के माध्यम से पात्र दिव्यांग बच्चों की विशेषज्ञों द्वारा जांच कर मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए जाएंगे, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सकेगा। जनपद पंचायत एवं नपा पिपरिया एवं, साडा, केन्ट पचमढी के लिए शिविर का आयोजन 16 फरवरी को जपं पिपरिया प्रांगण में किया जायेगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत एवं नगर परिषद बनखेड़ी अंतर्गत जनपद पंचायत बनखेडी में 17 फरवरी को, जनपद पंचायत एवं नप सोहागपुर अंतर्गत जपं सोहागपुर में 18 फरवरी को, जनपद पंचायत एवं नगर परिषद माखननगर अंतर्गत जपं माखननगर में 19 फरवरी को, नपा इटारसी अंतर्गत नपा इटारसी में 20 फरवरी को, जनपद पंचायत केसला अंतर्गत जनपद पंचायत केसला में 23 फरवरी को, जपं एवं नपा सिवनी मालवा अंतर्गत जपं सिवनीमालवा में 24 फरवरी को एवं जपं एवं नपा नर्मदापुरम में शिविर का आयोजन जिपं नर्मदापुरम में 27 फरवरी को किया जायेगा।

## जिला शिक्षा केंद्र की मेहनत रंग लाई एफएलएन सर्वे में बेहतर प्रदर्शन

# नर्मदापुरम बॉटम से प्रदेश के टॉप फाइव में हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। एफएलएन सर्वे (सितंबर 2025) की राज्य स्तरीय रिपोर्ट जारी होने के बाद नर्मदापुरम जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थानों में अपनी जगह बनाई है।

सत्र 2024–25 में तकनीकी कारणों से निरस्त हुए एफएलएन सर्वे को पुनः सत्र 2025–26 में सितंबर माह में कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों के लिए साक्षरता हिंदी और संख्या ज्ञान गणित विषयों में आयोजित किया गया। इस सर्वे में जिले के सातों विकासखंडों के 67 विद्यालयों से कक्षा 2 के 585 तथा कक्षा 3 के 628 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### परिणामों से मिला प्रदेश में स्थान

परिणामों के अनुसार कक्षा 2 में साक्षरता हिंदी में नर्मदापुरम जिले ने प्रदेश स्तर पर छठा स्थान तथा संख्या ज्ञान गणित में प्रदेश के टॉप तीन में स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 3 में साक्षरता हिंदी में जिला 12वें स्थान पर रहा, जबकि संख्या ज्ञान गणित में प्रदेश के टॉप चार में अपनी जगह बनाई।

### पिट्टू में महाविद्यालय का शानदार प्रदर्शन, 6 खिलाड़ी संभाग स्तर के लिए चयनित

माखननगर। श्रीमाखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर के खिलाड़ियों ने पिट्टू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। जिला नर्मदापुरम टीम में महाविद्यालय की चार छात्राओं एवं दो छात्रों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है, जो रायसेन जिले के बेगमगंज में आयोजित की जाएगी।हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय पिट्टू महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में माखन नगर महाविद्यालय की छात्राओं ने विजेता बनकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। चयन समिति द्वारा महिला वर्ग में कुमारी चांदनी यादव (कप्तान), कुमारी रचना यादव, कुमारी प्रिया यादव, कुमारी मधु यादव तथा पुरुष वर्ग में मनोज अहिरवार एवं निखिल अहिरवार का चयन किया गया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्राचार्य डॉ. नीता चौबे सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी वर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राजकुमार पटवा के अनुसार चयनित खिलाड़ी 11 व 12 फरवरी को बेगमगंज में आयोजित भोपाल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



## कृषि महाविद्यालय में 3 नए आपराधिक कानूनों पर जागरुक किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा में तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हाल ही में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों की विस्तृत जानकारी देना था। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि सिविल जज सीनियर डिवीजन विजय पाठक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिस्ट्रिक्ट कोर्ट एवं अभय सिंह डिस्ट्रिक्ट लीगल एंड सर्विस ऑफीसर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट शामिल हुए।



### आपराधिक कानूनों की विस्तृत जानकारी दी

विजय पाठक द्वारा कृषि महाविद्यालय के छात्रों को अभी हाल ही में तीन नए क्रिमिनल लॉ के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने बताया भारतीय सुरक्षा संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्षर अधिनियम को इसमें जोड़ा गया जीरो एफआईआर, ई एफ आई आर,पास्को एक्ट ,साइबर क्राइम से संबंधित आधुनिक जानकारी दी गई । इसी तारतम्य में अभय सिंह के द्वारा फ्री लीगल एंड उसकी कार्य प्रणाली उससे संबंधित लीगल सर्विस अथॉरिटी की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की कानून की शिक्षा समाज के हर वर्ग के लिए जरूरी है। नई शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं के लिए कानून से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी समावेशित होनी चाहिए। डॉ एसके पांडे के द्वारा बताया गया की छात्र जीवन में हमें कानून एवं संविधान की जानकारी होनी चाहिए।

### अमृत प्रोजेक्ट के तहत शहर में बनाई जा रही 4 पानी की टंकियां, सितंबर में खत्म हो गई समय-सीमा

# तीन टंकियों का मंथर गति से चल रहा है निर्माण, एक टंकी के लिए जगह तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**अमृत योजना के तहत शहर में चार पानी की टंकियों का निर्माण होना था। जिसमें से तीन टंकियों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ, जबकि एक पानी की टंकी के लिए नगरपालिका को अभी तक जगह ही नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि अमृत प्रोजेक्ट के तहत शहर में 4 टंकियां बनना हैं, लेकिन 4 महीने पहले ही समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अभी तक एक भी टंकी का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।**

दरअसल शहर में जल प्रदाय के लिए क्षमता बढ़ाने के लिए अमृत प्रोजेक्ट के तहत 4 अतिरिक्त टंकियां बनाई जाना है। इन टंकियों का निर्माण 11 करोड़ रुपये की लागत से होना है। बताया जा रहा है कि इस कार्य का जिम्मा गुजरात की कंपनी को सौंपा गया है। कंपनी को यह कार्य 14 सितंबर 2025 तक पूरा करना था। लेकिन चार में से तीन टंकियों का काम अभी भी अधूरा है। यह बात अलग है कि परिषद ने कंपनी को काम पूरा करने के लिए एक साल का और एक्सटेंशन दिया है। अब कंपनी को यह कार्य 14 सितंबर 2026 तक पूरा करना है। बता दे कि अमृत प्रोजेक्ट के तहत चार टंकी बनना है, जिसमें टिकारी, दुर्गावार्ड, राजेन्द्र वार्ड और जयप्रकाश वार्ड में निर्मित की जा रही है, वहीं एक टंकी के लिए अभी तक नगरपालिका जगह की तलाश ही नहीं कर पाई है। जिससे इस टंकी का निर्माण शुरू ही नहीं हो पाया है।



### टंकियां भरने अतिरिक्त पानी की आवश्यकता

शहर में अमृत योजना के तहत पानी की टंकियों का निर्माण तो किया जा रहा है, लेकिन इन टंकियों को भरने के लिए पानी की आवश्यकता होगी। ऐसे में लोगों का कहना है कि बेहतर होता कि नगर पालिका पहले पानी का स्रोत तलाश कर उसकी व्यवस्था करती और वह निश्चित हो जाने पर टंकी का निर्माण शुरू करती। लेकिन नपा बिना किसी ठोस प्लानिग के काम करा रही है। शहर के कोठीबाजार क्षेत्र में ज्योति टॉकीज के सामने बनाई गई एक टंकी साल भर बाद में भी उपयोग में नहीं आ सकी है। इस टंकी को बने हुए करीब एक साल हो चुका है। इसके बावजूद इस टंकी को न तो कनेक्ट किया गया है और न ही एक बार भी इसे भरा गया है। लोगों का आरोप है कि नपा किसी ठोस प्लानिंग के ही कार्य शुरू कर देती है। जिसका नतीजा यह होता है कि पैसे खर्च होने के बाद भी लोगों का उसका लाभ नहीं मिल पाता है।

### कंपनी को वर्कआर्डर लेट मिला था...

परिषद द्वारा तीन पानी टंकियों के निर्माण के लिए कंपनी को एक साल का एक्सटेंशन दिया गया है। चूंकि निर्माण कंपनी को वर्कआर्डर लेट मिला था और सारी चीजों में देरी हुई थी। इसलिए अवधि बढा दी है। वहीं चौथी पानी की टंकी के लिए एक-दो दिन में जगह का चयन करने निरीक्षण किया जायेगा। यदि जमीन उपयुक्त पाई जाती है तो आगे की कार्रवाही कर टंकी निर्माण शुरू करवाया जायेगा। - **सतीष मटसेनिया,** सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### टिकारी में 18.50 लाख लीटर की बन रही टंकी

अमृत प्रोजेक्ट के तहत शहर में चार नई टँकियों का निर्माण होना था। जिसमें से तीन टंकियों का निर्माण कार्य चल रहा है। सबसे बड़ी टंकी शहर के टिकारी क्षेत्र में बन रही है। यहां 18.50 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है, जबकि दुर्गा वार्ड में 7.50 लाख लीटर और राजेन्द्र वार्ड में 12 लाख लीटर पानी संग्रहण क्षमता की टँकी रहेगी। जयप्रकाश वार्ड की टंकी की क्षमता भी 7.50 लीटर रहेगी। टिकारी और दुर्गा वार्ड में टंकी निर्माण काफी पहले शुरू हो चुका है। हालांकि अभी इनका काम पूरा नहीं हो पाया है। लोगों का आरोप है कि काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। वहीं लोग गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। राजेंद वार्ड में बनने वाली तीसरी टंकी का निर्माण कार्य हाल ही में शुरू हुआ है।

### एक टंकी के लिए अभी तक नहीं मिल पाई जगह

शहर में तीन टंकियों का निर्माण तो शुरू हो चुका है, लेकिन एक टँकी के लिए अभी तक नगरपालिका जमीन ही नहीं तलाश सकी है। जिसके लिए लोग नपा के अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहरा रहे है। लोगों का आरोप है कि प्रोजेक्ट की टाइम लिमिट खत्म होने के बाद 4 महीने भी बीत चुके हैं, इसके बावजूद जयप्रकाश वार्ड में बनने वाली टंकी का स्थान ही फाइनल नहीं हो पाया है। अब बताया जा यहा है कि टंकी के लिए दो-तीन दिन में अधिकारी जगह का निरीक्षण करने जायेगे। जिसके बाद उपयुक्त जमीन मिलने पर टंकी के लिए जमीन फाइनल करेगे। फिलहाल जो तीन टंकियों का निर्माण हो रहा है, उसके निर्माण की गति भी बेहद धीमी बताई जा रही है।

### चार टंकियों के निर्माण के बाद बढ़ जाएगी क्षमता

शहर में पानी की सप्लाई टंकियों से की जा रही है। शहर में 17400 नल कनेक्शन हैं, वहीं पाइप लाइन का नेटवर्क करीब 190 किलोमीटर है। फिलहाल नगर पालिका द्वारा रोजाना 10 लाख लीटर पानी की सप्लाई करने का दावा किया जा रहा है। हालांकि अभी शहरवासियों को एक दिन के अंतराल से पानी की सप्लाई की जाती है। बताया जाता है कि नगर पालिका की प्लानिंग नागरिकों को 24 घंटे पानी उपलब्ध करने की है। इसके लिए वाटर सप्लाई नेटवर्क की क्षमता में बढ़ोत्तरी किया जाना जरुरी है। वर्तमान में जो क्षमता है, उससे 24 घंटे पानी सप्लाई करना संभव ही नहीं है। यही कारण है कि यह 4 नई टंकियां शहर में बनाई जा रही हैं। इन टंकियों के निर्माण के बाद वाटर सप्लाई नेटवर्क की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। जिससे लोगों को संभवतः 24 घंटे पानी की आपूर्ति की जा सकेगी।

### बालाजीपुरम की पहल...

## वृंदावन से आज लौटेंगी फूलवती मैया, स्टेशन पर होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले के आमला की वृध्द माता फूलवती आखिर अपने घर वापस आ रहीं हैं। बालाजीपुरम की पहल पर बेटा अपनी मां को लेने वृंदावन पहुंचा और अब आज मंगलवार को उनकी वापसी है।

गौरतलब है कि आमला के बांगा गांव की निवासी फूलवती यदुवंशी अपने दोनों बेटे झाडूराम और दिनेश से नाराज होकर बिना बताए वृंदावन स्थित अनिरूध्दाचार्य जी के गौरी गोपाल आश्रम पहुंच गई थीं। यहां प्रसिद्ध कथाकार अनिरूध्दाचार्य जी से उनकी बातचीत का वीडियो काफी वायरल हुआ और बैतूल का नाम आने से बैतूल को शर्मसार होना पड़ा। लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया। तब भारत के पांचवें धाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल के संस्थापक सेम वर्मा आगे आए और उन्होंने फूलवती मैया के घर-परिवार का पता कर बेटों को बुलाया। छोटे बेटे दिनेश ने तो मां से मिलने से इंकार कर दिया, लेकिन बड़े बेटे झाडूराम ने सेम वर्मा की समझाइश पर मां को वृंदावन से लाने और अच्छे से रखने की सहमति दी। इसके बाद टीम बालाजीपुरम सुनील व्दिवेदी के साथ वृंदावन पहुंची और यहां मां-बेटे का मिलन हुआ। अनिरूध्दाचार्य जी ने भी बालाजीपुरम की पहल की सराहना की और मां-बेटे को धूमधाम से रवाना किया। अब आज 3 फरवरी मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे दक्षिण एक्सप्रेस से मां-बेटा बैतूल स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर उतरेंगे। जहां बालाजीपुरम की पूरी टीम के साथ शहर के सभी गणमान्य गाजे-बाजे के साथ स्वागत करेंगे।

## चलते बोलेरो का टायर फटा

### इंजीनियर सहित तीन शिक्षक घायल



**बैतूल।** ग्राम चांदू के पास सोमवार दोपहर एक सडक हादसा हो गया। चलते बोलेरो वाहन का सामने का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सडक पर पलट गया। इस दुर्घटना में बोलेरो में सवार इंजीनियर और तीन शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो वाहन बैतूल से ग्राम चांदू की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन चांदू के पास पहुंचा, तभी अचानक सामने का टायर फट गया। टायर फटते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बोलेरो सडक किनारे पलट गई। हादसे में सभी लोग घायल हो गए। घायलों में इंजीनियर डेनी गौर (50) निवासी बैतूल, शिक्षक सुनील नंदनवार (50) निवासी बैतूल, शिक्षक मनोहर मालवी (55) निवासी बैतूल और शिक्षक अनिल झोड़ (55) निवासी बैतूल शामिल हैं। सभी लोग किसी कार्य से ग्राम चंदू जा रहे थे। दुर्घटना में सभी को हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। इसके बाद परिजनों और परिचितों को सूचना दी गई। गंभीर रूप से घायल सभी चारों लोगों को प्राइवेट वाहन की सहायता से जिला अस्पताल बैतूल लाया गया, जहां उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली है।

### ओपन हॉकी चयन ट्रायल का आयोजन आज

**बैतूल।** खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का आयोजन 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ राज्य में किया जाएगा। जिसमें मध्यप्रदेश का दल भी सम्मिलित होगा। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी बैतूल में बताया कि एसटी महिला हॉकी टीम में चयन के लिए ओपन हॉकी चयन ट्रायल का आयोजन 3 फरवरी को प्रातः 9 बजे से स्थानीय मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में किया जाएगा। चयन ट्रायल में ओपन कैटेगरी की केवल एसटी वर्ग की बालिकाएं, महिलाएं आवश्यक दस्तावेज एसटी का प्रमाण पत्र, मप्र मूलनिवासी, आधार कार्ड के साथ सम्मिलित हो सकती हैं। ट्रायल से संबंधित अधिक जानकारी के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग बैतूल में तपेश साहू एवं अजय मिश्रा से संपर्क कर सकते हैं।

## सारणी पावर हाउस में बाहरियों का राज, स्थानीय ठेकेदार बेरोजगारी की कगार पर पहुंचे!

### पीएमओ से लेकर सीवीसी तक भेजी गई शिकायत, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी में वर्षों से कार्य कर रहे स्थानीय एमएसएमई ठेकेदारों को काम से बाहर किया जा रहा है, जबकि बाहरी बड़ी कंपनियां लगातार बड़े-बड़े ठेके हासिल कर रही हैं। ठेकेदारों का कहना है कि यह स्थिति स्थानीय युवाओं और परिवारों के रोजगार पर सीधा हमला है। स्थानीय ठेकेदारों का आरोप है कि टर्नओवर की शर्तों को इस तरह लागू किया गया है कि छोटे और स्थानीय ठेकेदार स्वतः ही बाहर हो जाएं।

कई ठेकेदार 15-20 वर्षों से पावर हाउस में कार्यरत रहे, लेकिन आज उन्हें एक भी कार्य नहीं मिल पा रहा है। ठेकेदारों का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार की एमएसएमई और स्टार्ट-अप नीति स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन सारणी पावर हाउस में इसका उल्टा हो रहा है। नीति का लाभ बाहरी कंपनियों को और नुकसान स्थानीय इकाइयों को हो रहा है। मामले को लेकर मुख्य अभियंता, एमपीपीजीसीएल प्रबंधन, ऊर्जा मंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ-साथ प्रधानमंत्री कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय और केंद्रीय सतर्कता आयोग को भी स्पीड पोस्ट से शिकायत भेजी गई है। स्थानीय ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थानीय ठेकेदारों के हित में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे पावर हाउस गेट के सामने शांतिपूर्ण आंदोलन और भूख हड़ताल जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।

### समीक्षा के दौरान आयुक्त, कलेक्टर के समक्ष गूंजा ग्रामीणों का दर्द

## डॉक्टर विहीन स्वास्थ्य केंद्र, नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा




एसआरआई समीक्षा के दौरान भौंरा पहुंचे जे. गोपाल कृष्ण आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग एवं नरेंद्र सूर्यवंशी कलेक्टर, बैतूल के समक्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा में लंबे समय से डॉक्टर की अनुपस्थिति का गंभीर मुद्दा प्रमुखता से उठा।

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से आयुक्त व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए डॉक्टर की स्थायी नियुक्ति की मांग की। ग्रामीण अश्वनी दुबे, आनंद गुप्ता, अजय मिश्रा, दिलीप माधव, संजीव विजयकर ने बताया कि ग्राम पंचायत भौंरा जनपद पंचायत शाहपुर की सबसे बड़ी पंचायत है, जिसकी आबादी करीब 10 से 12 हजार के बीच है। इसके बावजूद यहां का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कई महीनों से डॉक्टर विहीन है। इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मजबूरी में शाहपुर या बैतूल जाना पड़ता है, जिससे समय, पैसा और स्वास्थ्य तीनों पर असर पड़ रहा है। भौंरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के आदिवासी अंचल के लगभग 40 से 50 गांवों की स्वास्थ्य जरूरतों का मुख्य आधार है। यह केंद्र नेशनल हाईवे 47 से लगा होने के कारण सडक़ दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन डॉक्टर न होने से गंभीर मामलों में मरीजों को रेफर करना ही एकमात्र विकल्प बचता है।

प्रसव सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक बताई गई। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं डिलीवरी के लिए भौंरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचती हैं, परंतु डॉक्टर की अनुपस्थिति में पूरा दारोमदार स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों पर ही है। जटिल प्रसव मामलों में जोखिम बढ़ जाता है और महिलाओं को दूर के अस्पतालों में भेजना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी अवगत कराया कि पूर्व में अस्थायी तौर पर डॉक्टर की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह टिकाऊ साबित नहीं हुई। कुछ समय पहले ब्रांड पर आए डॉक्टर 2 से 4 माह में ही केंद्र छोडक़र चले गए। वहीं, सीएमएचओ द्वारा लगभग एक वर्ष पहले डॉक्टर अभिनव शुक्ला की सप्ताह में दो दिन की ड्यूटी लगाई गई थी, पर बाद में वह व्यवस्था भी समाप्त हो गई। इसके चलते बीते करीब चार माह से स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह डॉक्टर विहीन है। इस मौके पर सरपंच मीरा धुर्वे ने कहा कि भौंरा जैसे बड़े क्षेत्र में डॉक्टर का न होना सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ है। हाईवे दुर्घटनाएं हों या प्रसव जैसी संवेदनशील सेवाएं, हर स्थिति में ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से स्थायी डॉक्टर की तत्काल नियुक्ति की मांग की। जनपद सदस्य सुधीर नायक ने कहा कि यह समस्या केवल भौंरा की नहीं, बल्कि दर्जनों गांवों की है, जिसे अब टाला नहीं जा सकता। डॉक्टर न होने से महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी होती है और कई बार जोखिम उठाकर दूर जाना पड़ता है। ज्ञापन प्राप्त करते हुए आयुक्त जे. गोपाल कृष्ण ने मामले को गंभीर बताते हुए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा में डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार प्रशासनिक स्तर पर ठोस निर्णय लेकर भौंरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को स्थायी डॉक्टर की सौगात मिलेगी।

## करोड़ों रुपये की लागत से बनी वर्धा सिंचाई परियोजना बनी सफेद हाथी

### चार गांवों के सैकड़ों किसान सड़कों पर उतरे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित वर्धा सिंचाई परियोजना अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के चलते क्षेत्र के किसानों के लिए अब तक वरदान साबित नहीं हो सकी है। परियोजना के आसपास बसे गांवों में इसे लेकर भारी आक्रोश पनप रहा है।

सोमवार को वर्धा डेम से मात्र तीन किलोमीटर दूर स्थित गोपालतलाई, चौथिया, सोनोली और जामगांव के सैकड़ों किसान अपने गांवों को वर्धा बांध की मुख्य नहर से जोडऩे की मांग को लेकर सडक़ों पर उतर आए। किसानों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान नहर दो नहीं तो जहर दो जैसे तीखे नारों से तहसील परिसर गूंज उठा। चारों गांवों के किसान तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र नहर से जोडऩे की मांग की। किसानों का कहना है कि उनके गांव वर्धा डेम से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, इसके बावजूद उन्हें मुख्य नहर से नहीं जोड़ा गया। जबकि वर्धा डेम की नहर उनके गांवों से होकर आगे 30 से 40 किलोमीटर दूर अन्य गांवों तक पहुंचाई गई है। इससे क्षेत्र के किसानों में भारी असंतोष है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि गोपालतलाई, चौथिया, सोनोली और जामगांव को तत्काल वर्धा डेम की नहर से जोड़ा जाए तथा खेतों में सिंचाई के लिए नियमित जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को फसलों के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे चौथिया पंखा पर उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि आठ वर्षों बाद भी वर्धा सिंचाई परियोजना आसपास के दर्जनों गांवों के लिए वरदान नहीं बन सकी है। किसानों ने अपनी जमीनें परियोजना के लिए दीं, लेकिन आज भी वे बची हुई भूमि में सिंचाई के पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं, अधिकारियों की मिलीभगत से बिना समुचित नाप-तोल के निजी कंपनियों को पानी दिए जाने के भी आरोप लगाए गए हैं। हमने इस संबंध में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को फोन लगाकर बात करनी चाहिए तो उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया, ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद सदस्य अजय बारस्कर, उपसरपंच संदीप बारस्कर, जयदीप धोटे, सुनील कोहरे, नवनीत चंदेल, कृष्ण झरबड़े, बंधु ठाकरे, मनीराम मगरदे, प्रकाश झरबड़े, कुंडलीक राव, संजीव गणेशे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौजूद रहे।

### नगर में भव्य हिंदू विराट सम्मेलन का आयोजन



**शाहपुर।** नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत पूजा अर्चना से की गई। भव्य समरसता शोभायात्रा निकली गई। देश की पुरानी संस्कृति से लोगों को अवगत कराया गया। कृषि प्रधान देश, बैलगाडिय़ों एवं ट्रैक्टर को सजा कर उनका पूजन अर्चन करके इस शोभायात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां बनाई गई। भगवान भोलेनाथ, महाबली वीर हनुमान, महारानी लक्ष्मीबाई, शिवाजी महाराज, भारत माता आदिवासी किसान, देवी जी ,सभी झांकी बहुत ही सुंदर एवं मनमोहक थी। जिसे देखकर पूरा नगर हिंदुत्व के रंग में रंग गया। शोभायात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाएं, पुरुष, सभी शामिल हुए। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए यह रैली मनसुखदास बाबा प्रांगण में पहुंची, जहां विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। हिंदू विराट सम्मेलन को सफल बनाने में नगर की मातृशक्तियो और सभी लोगों ने सहयोग प्रदान किया। शाहपुर नगर के नागरिकों के द्वारा बताया गया है कि समय-समय पर ऐसे सम्मेलन का आयोजन होना चाहिए।

### मां ताप्ती की महिमा को डिजिटल मंच पर मिली राष्ट्रीय पहचान

## मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मुलताई नगर और माँ ताप्ती के धार्मिक एवं पर्यटन महत्व को सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित ऑनलाइन मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य समापन माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ताप्ती तट पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर माँ ताप्ती की महाआरती के पश्चात प्रतियोगिता के विजेताओं को मंच से सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए। युवाओं ने डिजिटल माध्यम से किया माँ ताप्ती का भावनात्मक प्रचार 20 जनवरी से 23 जनवरी तक चली इस प्रतियोगिता में नगर सहित ग्रामीण अंचलों के युवा कंटेंट क्रिएटर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मुलताई नगर एवं माँ ताप्ती की महिमा, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती आकर्षक व भावनात्मक रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार किया। कृष्ण कुमार पवारे बने प्रथम विजेता प्रतियोगिता में मुलताई के दीवाने पेज के संचालक कृष्ण कुमार पवारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी रील में विभिन्न चेप्टर के माध्यम से माँ ताप्ती और मुलताई नगर का भावनात्मक एवं कलात्मक प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसे निर्णायकों द्वारा विशेष सराहना मिली। प्रथम पुरस्कार स्वरूप उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर द्वारा 5,100 नगद, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। द्वितीय व तृतीय स्थान पर मनीष और कृष्णा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान चंदोरा खुर्द निवासी मनीष बिंझाड़े और तृतीय स्थान महतपुर निवासी कृष्णा झारे ने प्राप्त किया। उन्हें क्रमशः 2,100 एवं 1,100 नगद राशि के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। यह पुरस्कार अनीश नायर एवं चंदू देशमुख द्वारा प्रदान किए गए।

पॉपुलर रील और बेस्ट पोएट्री अवार्ड भी प्रदान सागर पावर की रील को करीब 2.5 लाख से अधिक बार देखा गया, जिसके लिए उन्हें पॉपुलर रील अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं श्याम दाबड़े को बेस्ट पोएट्री के लिए शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## भंडारे के साथ श्री नर्मदा पुराण कथा का आयोजन



**सोहागपुर।** नगर के देनवा गार्डन में आयोजित श्री नर्मदा पुराण कथा का गत दिवस भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा आयोजक जागवंशी परिवार से प्राप्त जानकारी अनुसार नियमित पं. रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने मातु नर्मदा की महिमा एवं उनके पौराणिक तथा आध्यात्मिक महत्व से जुड़े प्रसंगों पर कथा सुनाई। वहीं रविवार को कथा को विराम देते हुए पूर्ण आहुति की गई। जिसके बाद भंडारा किया गया। जिसमें श्रद्धालुजन उपस्थित हुए।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**इटारसी।** समीपस्थ ग्राम पथरोटा स्थित तालाब मोहल्ला में एक व्यक्ति की फांसी लगने से मृत्यु हो गयी। घटना का कारण अभी अज्ञात है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पथरोटा के तालाब मोहल्ला में छोटू उर्फ प्रेमशंकर पिता घूडन्नलाल चौधरी 34 वर्ष की फांसी लगने से मृत्यु हो गयी। पुलिस को उसके बड़े भाई जीतू पिता घूडन्नलाल चौधरी 42 वर्ष से घटना की जानकारी दी। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### समस्या निराकरण के लिए फोरलेन और बायपास निर्माण में शीघ्रता की दरकार

# सड़क मार्ग पर रोजाना लगने वाले जाम में फंसते हैं यात्री, बनी नियमित समस्या

शहर में स्टेट हाईवे किनारे की जाने वाली अवैध पार्किंग के कारण जाम लगना सोहागपुर की नियमित समस्या बन चुकी है। लेकिन पुलिस वप्रशासन समस्या निराकरण को लेकर कभी भी गंभीर नजर नहीं आते हैं। जिसके कारण प्रतिदिन ही नागरिकों को परेशानी भोगनी पड़ती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नागरिकों के अनुसार सोहागपुर में स्टेट हाईवे का किनारा अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है। जहां लोग वाहन पार्क करते हैं और फिर जाम लगता है। बीती रात भी यही स्थिति बनी, जिससे नागरिक व यात्री परेशान हुए। बीती रात सात बजे कुछ चालक हाईवे किनारे वाहन पार्क कर कहीं चले गए। जिसके कारण स्टेट हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी तथा नागरिक परेशान हुए। देर शाम व रात के शुरुआती समय में के समय वैसे भी बाजार में जन आवाजाही बहुत अधिक रहती है। जिसके कारण जाम के चलते स्थानीय नागरिकों सहित वाहनों में बैठे यात्री भी बहुत अधिक परेशान हुए। मामले की नागरिकों ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की है कि पुलिसकर्मी बाजार बीट में तैनात तो रहते हैं, लेकिन वे पान व चाय की गुमठियों के आसपास ही रहते हैं। बाजार में तैनात पुलिस वाले अपनी बीट में यातायात व्यवस्था सुधार की ड्यूटी निभाते कम ही नज़र आते हैं।

### बायपास ही एकमात्र विकल्प

नागरिकों का कहना है कि समस्या निराकरण का एकमात्र विकल्प बायपास निर्माण है। नागरिकों के अनुसार यदि वर्षों पुरानी मांग अनुरूप बायपास बन जाता तो जाम की समस्या से बचा जा सकता है। लेकिन जनप्रतिनिधि बायपास निर्माण को लेकर गंभीर नहीं हैं। नाराज नागरिकों का कहना है कि डेढ़ दशक से अधिक समय से शहर में बायपास निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन प्रशासन एवं शासन पक्ष में बायपास निर्माण करने को लेकर गंभीर नहीं हैं।

### फंसे एंबुलेंस व पुलिस वाहन

जाम के दौरान नजर आया कि इमरजेंसी सर्विस से जुड़ी एंबुलेंस और डायल 112 वाहन काफी देर तक जाम में फंसे रहे। नागरिकों का कहना है कि यह समस्या आए दिन बनती है, जब जाम लगता है एवं एंबुलेंस जैसे जरूरी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। समस्या से अवगत होने के बाद भी स्थानीय नागरिक अपने वाहन सड़क पर खड़ेकर घूमने चले जाते हैं। प्रायः लोग वाहन पार्क कर बाजार में खरीदारी करने चले जाते हैं तथा वाहनों के कारण लंबे समय तक जाम लगा रहता है। इस स्थिति से आम यात्रियों सहित एम्बुलेंस में बैठे अथवा सोए मरीजों के लिए मुसीबत की स्थिति बन जाती है।

### फोरलेन से आस

नागरिकों का कहना है कि गत माह माखन नगर आए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद दर्शन सिंह चौधरी तथा सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की मांग पर फोरलेन निर्माण की मांग स्वीकृत की है।नागरिकों के अनुसार फोरलेन का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ हो जाना चाहिए। ताकि फोरलेन से सोहागपुर का जुड़ाव सर्विस रोड के माध्यम से हो सके। और छोटे वाहन शहर के अंदर आ जा सकें। वहीं बड़े व भारी वाहनों की आवाजाही शहर के बाहर से फोरलेन से हो सके। फोरलेन निर्माण से भी जाम की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## विकसित भारत गारंटी को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक विषय पर नगर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का उद्देश्य केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता एवं आजीविका के सशक्तिकरण संबंधी प्रावधानों की जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना रहा।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे एवं भाजपा जिला मंत्री प्रांशु राणे की उपस्थिति रही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यशाला के मुख्य वक्ता जिला मंत्री प्रांशु राणे ने बताया कि इसके पूर्व मनरेगा योजना के अंतर्गत 100 दिनों की रोजगार गारंटी दी जाती थी, जबकि अब विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 125 दिनों की रोजगार गारंटी सुनिश्चित की जा रही है।

यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक ग्रामीण विकास को नई गति देने वाला है और इससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचेगा। कार्यशाला में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अहिरवार समाज ने मनाई संत रविदास की 649वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649 वीं जन्म जयंती सोहागपुर में अहिरवार समाज द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर नगर के सुभाष वार्ड स्थित संत रविदास भवन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर लगभग 12 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके बाद अहिरवार समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा संत रविदास भवन से निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए रानी लक्ष्मीबाई मंच पहुंची, जहां मंचीय कार्यक्रम किया गया एवं वक्ताओं ने समाज उत्थान बाबत उद्बोधन दिए। शाम लगभग पांच बजे आयोजन का समापन किया गया। कार्यक्रम में प्रेम शंकर शिक्षक, पतिराम अहिरवार, अनिल खुराना, राजेश कुमार गोलियां, भागुराम अहिरवार, पूर्व जनपद सदस्य कैलाश खुराना नयागांव, भागचंद अहिरवार, नंदकिशोर अहिरवार, शिक्षक लखन लाल अहिरवार, शिक्षक खुमान सिंह अहिरवार, माधव प्रसाद गूजरखेड़ी, कमलेश अहिरवार शिक्षक रानी पिपरिया, चुन्नीलाल बौद्ध, डॉ. फूलसिंह अहिरवार, काशीराम अहिरवार शिक्षक, धन सिंह अहिरवार, शंभू अहिरवार, विनय कुमार अहिरवार, खिलाड़ी लाल अहिरवार, हेमराज अहिरवार आदि उपस्थित थे। इस आयोजन में नर्मदापुरम जिले की सातों तहसीलों से अहिरवार समाज के नागरिक उपस्थित हुए।

## पूर्व सैनिक शिक्षक नीमचंद कुशवाहा की सेवानिवृत्ति पर साथियों ने दी भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम पाला देवरी, विकास खंड सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम में स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला में दिनांक 31 जनवरी 2026, शनिवार को शिक्षक श्री नीमचंद पटेल के 17 वर्षों की शैक्षणिक सेवा पूर्ण कर सेवा-निवृत्त होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामय एवं भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व नीमचंद पटेल नवंबर 2004 में भारतीय थल सेना से भी सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामबाबू पटेल, शिक्षक दंगल सिंह पटेल, शिक्षिका सुनीता धुर्वे, शिक्षिका नीता दुबे सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में पंचायत स्टाफ, आंगनवाड़ी स्टाफ, स्व-सहायता समूह के सदस्य तथा शिक्षक के परिवारजन भी बड़ी संख्या में मौजूद



रहे, जिससे समारोह की गरिमा और बढ़ गई। समारोह के दौरान नीमचंद पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण, सामान्य ज्ञान तथा मृदु भाषी बनने पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने सदैव विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया है, ताकि वे समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अपने सेवाकाल के दौरान वे गरीब और जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक रूप से सहयोग करते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नीमचंद पटेल को वर्ष 2018 में हिंदी विषय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिलाने के लिए जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

## गोद ग्राम शुक्करवाडा राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर द्वारा प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 01 और इकाई 02 के संयुक्त तत्वाधान में गोद ग्राम शुक्करवाडा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया 1 स्वच्छता अभियान,मतदाता जागरूकता, साइबर अपराध पर रैली का आयोजन किया। साथ ही गांव के चौराहे,स्कूल,पंचायत भवन पर व्यापक रूप से सफाई अभियान चलाया गया दल नायक स्वस्तिक रावत और चांदनी यादव द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को पांच समूहों (स्वामी विवेकानंद समूह, सरदार भगत सिंह समूह,नेताजी सुभाषचंद्र बोस समूह,रानी लक्ष्मी बाई समूह, देवी अहिल्या बाई समूह) में विभाजित करके ग्राम संपर्क अभियान चलाया जिसमें




ग्राम की समस्याओं से संबंधित 52 परिवारों से प्राथमिक आंकड़ों का एकत्रीकरण किया गया।

तत्पश्चात नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया शिविर का निरीक्षण करने आए रासेयो जिला संघटक प्रो.डीएस खत्री ने आयोजन को सराहा और कहा कि शोध की दिशा में अच्छा कदम हे साथ ही इतनी बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों को देख प्रोत्साहित भी किया। शिविर के समापन पर स्वयं सेवकों ने अपने विचार करते हुए कहा कि आज हमें बहुत कुछ नया सीखने को मिला है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कविता दुबे और डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा आयोजित इस शिविर में डॉ.आईएस कनेश, डॉ.राजकुमार पटवा, प्रो.शिवानी मालवीय, अशोक मेहरा के साथ ग्राम के सरपंच, उपसरपंच,विद्यालय के प्राचार्य ,ग्रामीणों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## नए बस स्टैंड पर आ रही परेशानी एसडीएम से की मुलाकात

**इटारसी।** बस स्टैंड पुरानी इटारसी में शिफ्ट होने से परेशान कुछ बसों के मालिक, दुकानदार एवं एजेंट मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी के निवास पर पहुंचे। नए बस स्टैंड के शुरू होने से उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, रोजगार सहित बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। मामले में तिवारी ने एसडीएम नीलेश शर्मा से फोन पर चर्चा की एवं एसडीएम कार्यालय भी पहुंचे।



एसडीएम से चर्चा में सभी में कहा कि नए बस स्टैंड पर परेशानियों के चलते सभी बस मालिक बस के चक्के को रोक देंगे, धरना देंगे और सेवादल कांग्रेस उनके साथ हर लड़ाई मे खड़ी है। बस संचालकों का कहना था कि यह सिर्फ रोजी-रोटी का सवाल नहीं बल्कि गांव से आने वाले छोटे-छोटे बच्चों स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी, गरीब, मजदूर, किसान जो गांव से आते हैं उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उनके ऊपर ऑटो का अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। तिवारी ने बताया कि एसडीएम से पुराने बस स्टैंड पर 5 मिनट के लिए बसों का आना जाना फिर से शुरू करने के लिए निवेदन करेंगे, जिसमें यात्री को उतार दिया जाए और यात्रियों को ले लिया जाए। अगर यह मांग नहीं मानी गई तो कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा।

## 27वें अंतर्राष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम का आगाज



**पचमढ़ी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय साहसिक संस्थान, पचमढ़ी में सोमवार को 27वें अंतर्राष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सतपुड़ा की पहाड़ियों के बीच आयोजित इस पांच दिवसीय शिविर का उद्घाटन कर्नल जितेंद्र कुमार चिब द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कर्नल चिब ने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में साहसिक गतिविधियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी गतिविधियों से युवाओं में सहनशीलता, आत्मविश्वास और वैश्विक सोच विकसित होती है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है।

## जीनियस प्लेनेट में कत्थक कली नृत्य आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




स्पिक मेके द्वारा जीनियस प्लानेट स्कूल में भारत के समृद्ध इतिहास की नृत्यकला कथकली का मंचन और विस्तार से विवरण दिया गया। कलाकारों ने कत्थक कली के पीछे के मूल कारण को समझाया, विभिन्न भाव भंगिमा के बारे में जानकारी प्रस्तुति के साथ दी, साथ ही ये कत्थक और कली (प्रदर्शन) से कैसे मिलकर इस नृत्य कला का मंचन होता हैं इसके बारे में विस्तार से बताया। जानकरी के बाद भीम और कुंती के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें कुंती किस प्रकार भीम से सुगन्धित फूल को पाने की इच्छा करती हैं और किस प्रकार भीम उस इच्छा को पूरा करता हैं। इसके बाद सवाल जवाब के माध्यम से सत्र का समापन हुआ। सम्पूर्ण कार्यक्रम में स्पीक मैके के उपाध्यक्ष सुधीर गोठी, समन्वयक सुनील बाजपेई और स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

## बुंदेली कथा वाचक का किया श्रीशंभू दरबार में अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिनों बुंदेली कथा वाचक महंत विपिन बिहारी दास महाराज का नगर के पलाश परिसर स्थित श्रीशम्भू दरबार में आगमन हुआ। इस दौरान महंत विपिन बिहारी दास महाराज ने अपने सत्संग में गौ सेवा एवं गौ रक्षा की बात रखी। उन्होंने अधिक से अधिक गौवंश पालन का सभी उपस्थितजनों से आग्रह किया। इस दौरान गृहस्थ साधक पं. प्रकाश मनमोहन मुद्गल ने आध्यात्म मंडल तथा श्री शम्भू भक्त मंडल की ओर से महाराज जी का शॉल व श्रीफल से स्वागत वंदन किया।

### वर्धमान पब्लिक स्कूल में 'रंगमंच' वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

# प्रतिभा, आत्मविश्वास व अनुशासन का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वर्धमान पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव 'रंगमंच– प्रतिभा, संस्कार और सृजन का मंच' अत्यंत उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि नर्सरी से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने ही पूरे मंच की बागडोर संभाली और अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा एक के विद्यार्थियों ने हॉरर सॉन्ग पर नृत्य कर रोमांच भर दिया, वहीं कक्षा दो के विद्यार्थियों ने साउथ इंडियन डांस की जीवंत प्रस्तुति देकर खूब




तालियां बटोरीं। उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा बैंड परफॉर्मेंस एवं स्वयं की आर्केस्ट्रा पर भक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई।

प्रार्थना नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की स्तुति, मदर एंड किड्स डांस द्वारा मां और बच्चों के अटूट प्रेम को दर्शाया गया। क्लासिकल मिक्स डांस ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति महाभारत आधारित नाट्य रूपांतरण रही, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए गीता के सार को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही योगा, कराटे, स्केटिंग एवं राष्ट्रीय प्रतीकों पर आधारित प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय के डायरेक्टर प्रशांत जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वर्धमान पब्लिक स्कूल बच्चों को केवल किताबी शिक्षा ही नहीं, बल्कि मंच, संस्कार और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में जूनियर डायरेक्टर प्रशस्ति जैन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। यह आयोजन वर्धमान पब्लिक स्कूल की बाल-केंद्रित शिक्षा प्रणाली एवं सर्वांगीण विकास का सशक्त उदाहरण बना। कार्यक्रम को सफल बनाने में वर्धमान जूनियर के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## महाराणा प्रताप कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न टीमें दिखा रहीं दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राजपूत समाज इटारसी द्वारा आयोजित महाराणा कप कबड्डी प्रतियोगिता 2026 पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ जारी है। सोमवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा कबड्डी मैच का उद्घाटन कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें 16 पुरुष एवं 16 महिला वर्ग की टीमें शामिल हैं। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, खंडवा, नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों की टीमें प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखा रही हैं। कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में प्रतियोगिता के प्रचार एवं जन-जागरूकता हेतु सभी खिलाड़ियों



द्वारा सद्भावना रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से खिलाड़ियों ने नागरिकों को कबड्डी प्रतियोगिता देखने के लिए आमंत्रित किया। रैली में खिलाड़ियों ने एकता, भाईचारे एवं खेल भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राहुल चोरे, सभापति राकेश यादव सहित राजपूत समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कृषि रथ के माध्यम से किसानों को किया जा रहा जागरुक

**हरदा।** मध्य प्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशों के अनुपालन में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत जिले के तीनों विकासखंडों में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं को सीधे किसानों के खेतों तक पहुँचाना है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा-हरदा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उडद, मूंगफली, तिल आदि फसलों को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने हेतु प्रोत्साहित, मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर उर्वरकों की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं तथा समसामयिक सलाह भी किसानों को प्रदान की जा रही है।

### पहले कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम गायन से

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत ह्यह्यवंदेमातरम्ह्लह्ल गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### कथा के अंतिम दिवस निकाली नगर में भव्य शोभायात्रा

**सीहोर।** भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता हैं। रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

## चिकित्सकों, वेक्सीनेटरों और समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान

# सामाजिक जागरूकता शब्दों से नहीं, कर्म व संवेदनशील पहल से उत्पन्न होतीः घाघरे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

जन जागृति मंच द्वारा आयोजित सेवा का सम्मान कार्यक्रम समाज के उन वास्तविक नायकों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से जनसेवा को अपना धर्म माना। जन जाग्रति मंच ने यह सिद्ध किया है कि सामाजिक जागरूकता केवल शब्दों से नहीं, बल्कि सतत कर्म और संवेदनशील पहल से उत्पन्न होती है।

चिकित्सकों, वेक्सीनेटरों और समाजसेवी संस्थाओं का 'सम्मान कर यह मंच समाज में सेवा और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करता है। यह बात तहसीलदार लबीना घाघरे ने रविवार को स्थानीय गुर्जर छात्रावास में जन जागृति मंच द्वारा आयोजित सेवा का सम्मान कार्यक्रम में कही। मंच द्वारा शहर के प्रमुख चिकित्सकों, वेक्सीनेटर्स तथा समाजसेवी संस्थाओं और समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्तियों का सम्मान किया गया। घाघरे ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में जब समाज असमंजस और भय से गुजर रहा था,तब चिकित्सक, वेक्सीनेटर और स्वयंसेवी संगठन प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे।इनके प्रयासों से ही जनस्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ रही और समाज में विश्वास बना रहा। जन जागृति मंच की भूमिका प्रशंसनीय है, जिसने प्रशासन और समाज के बीच सेतु का कार्य किया। ऐसे प्रयास लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करते हैं और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देते हैं।मैं इस अवसर पर यह भी कहना चाहूँगी कि प्रशासन तभी प्रभावी बनता है, जब उसे समाज की जागरूक और सहयोगी संस्थाओं का साथ मिलता है। जन जागृति मंच इसी सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है।मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ एच पी सिंह ने कहा कि जन जागृति मंच भविष्य में भी समाजहित में ऐसे प्रेरक कार्य करता रहेगा।

एक निजी स्कूल की प्राचार्य शसोनाली पारे ने कहा कि आज का यह अवसर केवल सम्मान का नहीं, बल्कि कर्तव्य, करुणा और समाज-चेतना के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। ऐसे पावन अवसर पर जन जागृति मंच जैसी संस्था का नाम लेना ही गर्व से भर देता है।जन जागृति मंच केवल एक संस्था नहीं, बल्कि समाज के प्रति जागरूकता जगाने वाली चेतना है,सेवा को संकल्प बनाने वाला विचार है और संकट के समय मानवता के साथ खड़े रहने वाला साहस है। स्वागत भाषण देते हुए मंच के संरक्षक सुनील जैन ने कहा कि जिस दौर में समाज भय, असमंजस और असुरक्षा से घिरा हुआ था, उस समय जन जागृति मंच ने न केवल जागरूकता फैलाई, बल्कि चिकित्सकों के समर्पण, वेक्सीनेटरों के अथक परिश्रम और समाजसेवी संस्थाओं की निस्वार्थ सेवा को सम्मान देकर सेवा को सामाजिक पहचान देने का कार्य किया। यह मंच उन हाथों को सम्मानित करता है,जिन्होंने जान बचाई,उन पैरों को नमन करता है,जो गली-गली, घर-घर पहुँचे,और उन दिलों को प्रणाम करता है,जो बिना किसी अपेक्षा के समाज के लिए धड़कते रहे।आज जब जन जागृति मंच ऐसे कर्मयोगियों को सम्मानित करता है,तो यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं होता,यह पूरी मानवता की जीत का उत्सव होता है।कार्यक्रम का संचालन अजीतसिंह राजपाल ने किया।आभार दुर्गादास पाटिल ने व्यक्त किया।मंच के संयोजक पंकज सांड सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने कॉलेजों को देखा

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार के निर्देश



**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सोमवार को हरदा प्रवास के दौरान शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज व पीएम श्री कॉलज ऑफ एक्सीलेंस का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में निरीक्षण के दौरान उन्होने वहां की लेब व कक्षाओं का निरीक्षण कर पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन के जीर्णोद्धार के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कॉलेज की विद्युत मरम्मत इलेक्ट्रिशियन शाखा के विद्यार्थियों द्वारा कराई जाए। जीर्णोद्धार योग्य कार्य के लिये स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जाए तथा डिस्मेंटल योग्य हिस्से को डिस्मेंटल कराया जाए। कॉलेज भवन को पूरी मरम्मत कराकर छात्र उपयोगी बनाया जाए। उन्होने कॉलेज की प्रवेश व्यवस्था व प्लेसमेंट पर संतोष व्यक्त किया।

मंत्री परमार ने पीएम श्री कॉलज ऑफ एक्सीलेंस के निरीक्षण के दौरान वहां की शैक्षणिक गुणवत्ता और अधोसंरचना का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने और शासन की योजनाओं का लाभ सीधे विद्यार्थियों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होने कॉलेज की लायब्रेरी को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे। इसके बाद आदर्श महाविद्यालय अबगांवखुर्द का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने भवन के फर्श की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होने इस दौरान उपस्थित स्टाफ से शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## झाड़बीड़ा में चल रही रामलीला का समापन

# श्रीराम राज्याभिषेक पर मंगल बधाई गाई महाप्रसादी का वितरण किया गया



**रहटगांव।** ग्राम झाड़बीड़ा में चल रही रामलीला का समापन रविवार को रावण, मेघनाद, कुंभकरण के वध एवं श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ। अंतिम दिन रामलीला के आयोजन में दर्शकों की भीड़ रही। रात साढ़े आठ बजे शुरु हुए रामलीला कार्यक्रम में शशि रामलीला मंडल झाड़बीड़ा के कलाकारों व अतिथियों ने राम-सीता व हनुमानजी की आरती की। इसके बाद कलाकारों ने भगवान राम राज्याभिषेक के पहले मेघनाथ, कुंभकरण व रावण वध का मंचन किया। शशि रामलीला मंडल ने अतिथियों का स्वागत किया। राम-लक्ष्मण के स्वांग रचे कलाकारों ने युद्ध के मंचन में रावण, मेघनाद, कुंभकरण का वध किया। इसके बाद श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। इसके साथ ही रामलीला का समापन हुआ। राजतिलक में व्यास रविशंकर गौर ने मंगल बधाई भजन गाएं जिसमें पांडाल में बैठे श्रोता थिरक उठे। श्री राम जानकी की महाआरती की गई राज्याभिषेक में आतिशबाजी के साथ महाप्रसाद का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के दर्शक मौजूद हुए।

# रायशुमारी से कुर्मी क्षत्रीय गौर समाज के जिलाध्यक्ष बने सेवानिवृत्त शिक्षक नर्मदा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कुर्मी क्षत्रीय गौर समाज हरदा के नए जिलाध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक नर्मदा प्रसाद गौर का चयन सामाजिक लोगों द्वारा रायशुमारी करके चयन किया गया। जिलाध्यक्ष चयन प्रक्रिया समाज के गौर छात्रावास भवन हरदा में नियुक्त पर्यवेक्षकों के द्वारा जिला सदस्यों की उपस्थिति में रायशुमारी से किया गया। हालांकि जिलाध्यक्ष के लिए 6 व्यक्तियों द्वारा नामांकन दाखिल किया था। जिसमे समाज की 24 ग्राम इकाइयों से आए 66 जिला सदस्यों की रायशुमारी से निर्विवाद रूप से सेवानिवृत्त शिक्षक नर्मदा प्रसाद गौर को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। नए जिलाध्यक्ष के द्वारा पिछले कार्यकाल में छात्रावास समिति अध्यक्ष के रूप में पिछले तीन वर्ष से अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दी गई थी।

### अधिवेशन के लिए 24 ग्राम ईकाई अध्यक्ष और जिला सदस्यों का चयन

कुर्मी क्षत्रीय गौर समाज संगठन जिला हरदा का प्रत्येक तीन वर्ष का कार्यकाल रहता है। 31 जनवरी को सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो गया था। जिसके लिए नई कार्यकारिणी के गठन के लिए गौर समाज की 24 ग्राम इकाईयों का गठन किया गया। जिसमे ग्राम ईकाई अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव सहसचिव के साथ जिला सदस्यों का चयन किया गया। जिसमे जिला सदस्यों के द्वारा पर्यवेक्षकों के साथ रायशुमारी से जिलाध्यक्ष का चयन किया गया। नए जिलाध्यक्ष करेंगे जिला संगठन की समितियों का गठन। समाज के विकास और उत्थान के लिए नव निर्वाचित अध्यक्ष के द्वारा समाज हित में समाज की जिला संगठन के साथ ही जिला परामर्श समिति, युवा संगठन, विवाह समिति, मीडिया प्रभारी और युवा वाहिनी का गठन आगामी तय अधिवेशन में कर उनको नए दायित्व प्रदान करेंगे।

### पर्यवेक्षक नियुक्त

जिला संगठन की गठन प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। जिसमे वर्तमान जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण गौर, परामर्श समिति के अध्यक्ष प्रदीप गौर, पूर्व जिलाध्यक्ष माखन पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर, विवाह समिति अध्यक्ष लवकुश गौर शामिल थे। पर्यवेक्षकों के द्वारा 66 जिला सदस्यों से रायशुमारी कर नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सचिव राजनारायण गौर, विवाह समिति सचिव अरुण गौर फुलड़ी द्वारा किया गया।

## बगैर अनुमति के खोद दी प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़क

# करोड़ों की सड़कों पर निजी कंपनियां चला रहीं बुलडोजर राहगीरों, वाहन चालकों को आवागमन में हो रही परेशानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

इस आदिवासी अंचल की प्रमुख सड़कें निजी कंपनियों के निशाने पर है और उनके बुलडोजर उन्हें रात-दिन खोद रहे हैं। यह सब कुछ विकास के नाम हो रहा है और विभागीय अधिकारी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। इन दिनों अपरवेदा समूह जल प्रदाय योजना के बुलडोजर विभिन्न विभागों की सड़कों पर चल रहें हैं। वहीं, प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़क को बगैर अनुमति के ही खोद दी गई है।

पिछले दिनों बांयखेड़ा-गोरखपुर मार्ग पर रात के अंधेरे में सड़क खोदने का चित्र कैमरे में कैद हो गया। वैसे दिन के उजाले में भी निजी कंपनियां सड़कों को जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचा चुकी है और यह क्रम निरंतर चल रहा है। गौरतलब है कि दूरसंचार कंपनियों में जिओ, एयरटेल, बीएसएनएल के बुलडोजर विकास के नाम पर सड़कों पर खूब तबाही मचा चुके हैं। जिससे लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं राष्ट्रीय मार्ग चित्तौडगढ़-भुसावल की सड़कों पर ग्रामीण और वाहन चालक त्रासदी भुगत रहें हैं।

### निजी मिल्कियत जैसी बन गई सड़कें

हालात यह है कि सरकार की करोड़ों की संपति निजी मिल्कियत जैसी बन गई है और सड़कों को क्षतिग्रस्त करके ही अधिकांश योजनायें पूर्ण हो रही है,जो चिंताजनक है। इन दिनों मध्यप्रदेश जल विकास निगम द्वारा विकास खंड की 72 ग्राम पंचायतों के करीब 129 में से अधिकांश गांवों में जल मिशन की टंकियों से अपरवेदा समूह जल प्रदाय योजना का पेयजल प्रदाय किया जाना है। वहीं, पंचायत मुख्यालयों तक बीएसएनएल नेटवर्क पहुंचाने के लिए एनसीसी कम्पनी काम कर रही है। अब सड़कों का क्या होगा? इसे कोई देखने वाला नहीं है।

### दूरसंचार कंपनियों की शुरुआत

विदित रहे कि एक दशक पूर्व तक सड़क की दूसरी ओर खेतों में पाइप ले जाने के लिए किसान अनुमति लेते थे। लेकिन शुरुआती दौर में खरगोन और भीकनगांव की ओर से भूमिगत ओएफसी लाइन बिछाई गई थी। इनमें बीएसएनएल एवं जिओ थी, जिन्होंने दायीं-बायीं पटरियों पर ओएफसी लाइनें बिछाई है। जिनकी लम्बाई करीब सौ-सौ किमी है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क-निर्माण में दूरभाष सेवायें प्रभावित होती रही और उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है।

### बेखौफ हैं निजी कंपनियां

काबिले गौर है कि इन कंपनियों को न सरकार का डर है, न ही प्रशासनिक-तंत्र का और जनप्रतिनिधियों ने भी कोई आवाज नहीं उठाई है। जिससे निर्माणाधीन और नवनिर्मित सड़कों को भी बुलडोजरों की बुरी नजरें लग चुकी है। वहीं राजनैतिक-बरदहस्त प्राप्त ठेकेदारों के मामले में अधिकारी बेबस नजर आते हैं। बहरहाल, पुलिस थाने में रिपोर्ट का अधिकारी दावा कर रहें हैं, लेकिन किसी कंपनी अथवा ठेकेदार के विरुद्ध कभी कोई कार्रवाई हुई हो ऐसी जानकारी नहीं मिली है। वहीं ग्रामीणों एवं चालकों ने विकास के नाम पर बदहाल सड़कों और दुर्घटनाओं को नियति मान लिया है।

### इनका कहना है

अभी जल निगम को पाइप दबाने की अनुमति नहीं दी गई है,उन्होंने केवल आवेदन दिया है। जिसमें सड़क की टू-लाइन को छोड़कर अनुमति दी जाती है, पटरियों पर नहीं।

**योगेश शर्मा** महाप्रबंधक प्रधानमंत्री सडक योजना,खरगोन

सड़क की पटरियों पर कार्य कराना अवैधानिक है, ऐसे मामलों में उपसंभाग भीकनगांव के एसडीओ को थाने में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

**आकाश दुबे**, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग खरगोन

हमने सड़कों के समीप पाइप दबाने के लिए संबंधित विभागों से अनुमति ली है और इसके बगैर कार्य नहीं कर रहे हैं ।

**अरविंदसिंह धाकड़**, जिला प्रबंधक, मध्यप्रदेश जल निगम,खरगोन

एयरटेल की करीब 300 किमी भूमिगत ओएफसी झिरन्या क्षेत्र में बिछाई गई है। यदि कहीं सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हे तो संबंधित विभागों को बैक गारंटी जमा की गई है।

**प्रभात मिश्रा** ठेकेदार एयरटेल कंपनी, इंदौर

# इंदौर-भोपाल हाईवे पर गाय को बचाने के दौरान पलटी यात्रियों से भरी बस



**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अहमदाबाद से भोपाल जा रही एक स्लीपर बस आष्टा के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। राहत की बात यह रही कि बस में सवार 26 यात्रियों में से 25 पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि एक यात्री को मामूली चोट आई है। यह हादसा एक मवेशी की जान बचाने की कोशिश में हुआ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 8.20 बजे आष्टा के पास बेदाखेड़ी जोड़ पर हुआ। बस अपनी रफ्तार में भोपाल की ओर बढ़ रही थी, तभी अचानक एक गाय हाईवे के बीचों-बीच आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि चालक बस को नहीं काटता तो गाय की जान जाना तय था। मवेशी को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने तेजी से स्टेयरिंग मोड़ा, जिससे बस असंतुलित होकर सडक़ किनारे गड्ढे में जा गिरी।

**ग्रामीणों ने की मदद, कांच तोडक़र निकाला बाहर :** बस पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने बस के कांच तोड़े और गेट से यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना मिलते ही अमलाहा चौकी और आष्टा पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।

**एक यात्री घायल, अन्य को गंतव्य तक पहुंचाया :** इस हादसे में छत्तीसगढ़ कांकेर निवासी 27 वर्षीय हरिशचंद्र पटेल को नाक पर चोट आई है।

अमलाहा टोल की एम्बुलेंस से उन्हें तत्काल आष्टा के अपोलो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। शेष 25 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों का सामान बस से बाहर निकलवाया और उन्हें दूसरी बसों के जरिए भोपाल की ओर रवाना किया। हाईवे पर जाम की स्थिति न बने, इसलिए क्रेन बुलाकर बस को सडक़ किनारे करवाया गया।

# तेंदुए की दहशत, अब 'गुलेल' के भरोसे किसान बछड़े के शिकार के बाद गांव में कराई मुनादी

**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित सटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज.2 और जामोनिया तालाब क्षेत्र में तेंदुए की आहट ने ग्रामीणों और रहवासियों की रातों की नींद उड़ा दी है। आलम यह है कि खुद की और मवेशियों की सुरक्षा के लिए अब किसानों ने पारंपरिक हथियार 'गुलेल' का सहारा लेना शुरू कर दिया है। बता दें एक दिन पहले ग्राम जामोनिया तालाब में एक अज्ञात हिंसक जानवर ने खेत पर बंधे गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में डर का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने गांव में डोंडी पिटवाकर (मुनादी कराकर) लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। तेंदुए के डर से अब किसान खेतों पर अकेले जाने से कतरा रहे हैं। किसान विनोद बड़ोदिया और उनके साथियों ने बताया कि जंगली जानवर से बचाव के लिए उन्होंने विशेष गुलेल तैयार की हैं। किसानों का मानना है कि यदि हिंसक जानवर नजर आता है तो वे दूर से ही पत्थर मारकर उसे सुरक्षित दूरी से भगा सकेंगे। सिर्फ गांव ही नहीं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे भी गुरुवार-शुक्रवार की रात खूंखार वन्य प्राणी देखा गया।